E-Auction Sale Notice for Sale of immovable Properties under the Securitization and Reconstruction of Financial Asset and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 8 (6) of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002. Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower (s) and Guarantor (s) that the below described immovable property mortgaged, possession of which has been taken by the Authorised Officer of Aadhar Housing Finance Limited will be sold on **"As is where is", "As is what is", and " Whatever there is"** with no known encumbrances Particulars of which are given below:

S. N.	Borrower(s) / Co-Borrower(s)/ Guarantor(s)	Demand Notice Date and Amount	Description of the Immovable property	Reserve Price (RP)	Earnest Money Deposit (EMD) (10% of RP)	Nature of possession
1	(Loan Code No. 05110000804 & 05110000837/Pithampur Branch) Mohammedswale Shaikh (Borrower) Samina Khatoon & Arman Shakh (Co-Borrower)	09-01-2026 & ₹ 25,94,271/-	All that piece and parcel of the property bearing, GF And FF Ras Lake View Gopalpura Road Plot No. A-10 Bhardala Tehsil Mhow Indore Madhya Pradesh 453441. **Boundaries:** East: Other Plot of Colony, West: Colony Road, North: Plot No. A 09, South: Plot No A 11	Rs. 22,46,400/-	Rs. 2,24,640/-	Physical

1. Last Date of Submission of DD of Earnest Money Deposit along with KYC, Tender Form and accepted Terms and conditions (Tender Documents) is **24-08-2026 within 5:00 PM** at the Branch Office address mentioned herein above or uploaded on **https://bankeauctions.com**. Tenders documents received beyond last date will be considered as invalid tender and shall accordingly be rejected. No interest shall be paid on the EMD. **2.** Date of Opening of the Bid/Offer (Auction Date) for Property is **25-08-2026 on https://bankeauctions.com at 03:00 PM TO 04: 00 PM 3.** AHFL is not responsible for any liabilities whatsoever pending upon the property as mentioned above. The Property shall be auctioned on **'As Is Where Is Basis', 'As Is What Is Basis' and 'Whatever Is There Is Basis'. 4.** The Demand Draft Should be made in favorof 'Aadhar Housing Finance Limited' Only. **5.** Auction/bidding shall be only through "Online Electronic Bidding" through the website **https://bankeauctions.com.** Bidders are advised to go through the website for detailed terms before taking part in the e-auction sale proceedings. **6.**The intending bidders should register their names at portal M/s C 1 INDIA PVT LTD through the link **https://bankeauctions.com/registration/ signup,** and get their User ID and password free of cost. Prospective bidder may avail online training on E- auction from the service provider M/s C 1 INDIA PVT LTD through the website **https://bankeauctions.com. 7.** For further details contact Authorised Officer of Aadhar Housing Finance Limited, **Deepak Malviya (Contact : 7583898990)** OR the service provider M/s C 1 INDIA PVT LTD, **Mr.Prabhakaran, Mobile No: +91-74182-81709, E-mail: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com, Phone No. +917291981124 /25 /26** As on date, there is no order restraining and/or court injunction AHFL/the authorized Officer of AHFL from selling, alienating and/or disposing of the above immovable properties/secured assets. **8.** For detailed terms and conditions of the sale, please refer to the link provided in Aadhar Housing Finance Limited (AHFL), secured creditor's website i.e. **www.aadharhousing.com. 9.** The Bid incremental amount for auction is **Rs.10,000/-. 10.** This newspaper publication and the data contained herein is intended for general public dissemination. Any reproduction, distribution, transmission, or republication of this content, in whole or in part, in any form or by any means, whether print, digital, electronic publication in any form, e-mail or web publications, or otherwise through any mode is strictly prohibited. Any unauthorized use of the above content through any mode may result in appropriate legal action by AHFL.

(Authorised Officer)
Place : Madhya Pradesh, Date : 04.08.2026 **For Aadhar Housing Finance Limited**

एक नजर

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में खिलाड़ियों ने राष्ट्र को किया गौरवान्वित:मुख्यमंत्री

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि भारत के खिलाड़ियों ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में अपने अद्भुत प्रदर्शन से सम्पू र्ा राष्ट्र का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। देशवासियों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने 39 पदक जीते, जिनमें 13 स्व र्ा शामिल हैं। यह गौरवशाली उपलब्धि हमारे खिलाड़ियों के समर्प ा, अनुशासन और अथक परिश्रम का परि ाम है। खिलाड़ियों ने भारत का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी पदक विजेताओं, कोच और भारतीय दल के अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के प्रति बढ़ता प्रोत्साहन, आधुनिक खेल अवसंरचना और खिलाड़ियों को मिल रहा निरंतर सहयोग भारत को नई खेल शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे ऊर्जावान खिलाड़ी आगे भी इसी उत्साह के साथ तिरंगे का मान बढ़ाते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने किया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सहकारिता, खेल एवं युवा कल्या ा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के साथ नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं खेल परिसर का निरीक्ष ा किया। इस दौरान उन्होंने निमा ाधीन खेल सुविधाओं और परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने परिसर में विकसित की जा रही विभिन्न खेल अधोसंरचनाओं, खिलाड़ियों के लिए तैयार की जा रही आधुनिक सुविधाओं और निर्मा ा कार्यों की गु वत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य उच्च गु वत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परिसर में विकसित हो रही खेल सुविधाओं की जानकारी दी। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स प्रदेश में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा खिलाड़ियों के प्रशिक्ष ा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निरीक्ष ा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रशासकीय विभाग स्थित शूटिंग अकादमी पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्ष ा और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और प्रदेश में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आधुनिक खेल परिसरों के माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्ष ा और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर आष्टा में मना विजय उत्सव

आष्टा,(निप्र)। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह मेमदाखेड़ी के नेतृत्व में विजय उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाते हुए उत्साह व्यक्त किया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि दतिया की जनता ने कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और विकास के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। यह जीत कांग्रेस संगठन के लिए उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि जनता के इस जनादेश से प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दतिया की जीत कांग्रेस की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता की मुहर है। विजय उत्सव के दौरान सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और कांग्रेस नेतृत्व को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, भैय्या एमपी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, सौभालसिंह बागेर, एचआर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, तोसीफ उद्दीन बाबा, फैज उद्दीन, देवराज परमार, चंदरसिंह ठाकुर, कृपालसिंह मालवीय, सईद टेलर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेती की नई तकनीकें हैं किसानों की समृद्धि का नया द्वार: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

मध्यप्रदेश को बागवानी फसल विकास में मिला पहला पुरस्कार

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि खेती की नई तकनीकें ही किसानों की समृद्धि का नया द्वार हैं। किसान जितना अधिक नई तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों और शासन की योजनाओं से जुड़ेंगे। उनकी आय उतनी ही बढ़ेगी और खेती अधिक लाभकारी बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) फसलों का उत्पादन बढ़ता जा रहा है। बागवानी फसलों के विकास एवं विस्तार में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश का पहला पुरस्कार मध्यप्रदेश को मिला है। यह हमारी सरकार की किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को बैतूल में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बैतूल जिले की प्राकृतिक सम्पदा, उपजाऊ भूमि और मेहनतकश किसानों की सराहना करते हुए कहा कि जिस धरती को सूर्यपुत्री मां ताप्ती सहित सात नदियों का आशीर्वाद प्राप्त हो, वहां की उर्वरता और कृषि उत्पादन का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह किसानों का अपना कार्यक्रम है। किसान कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हम एग्रीकल्चर सेक्टर में विकास के नये पैमाने लिख रहे हैं। हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि बैतूल ने मक्का उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं, देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिले के किसान गेहूं, धान, मक्का और श्रीअन्न जैसी फसलों का उत्कृष्ट उत्पादन कर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि मध्यप्रदेश आज देश की ह्लफूड बास्केटह्व के रूप में उभर रहा है तो उसमें बैतूल की उपजाऊ मिट्टी और किसानों की मेहनत का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि किसानों की चिंताओं को कम करने और उनकी समृद्धि को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार 15 जुलाई से 13 नवंबर तक बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन कर रही है। इस दौरान पूरा प्रशासन किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीन योजनाओं तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे इस महोत्सव का अधिकतम लाभ उठाएं, विशेषज्ञों से संवाद करें, नई तकनीकों को जानें और उन्हें अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाएं।

रिहायशी इलाकों की दुकानों पर लगे ताले

नाराज व्यापारियों ने दी आत्महत्या की चेतावनी

भोपाल,(निप्र)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भोपाल के रिहायशी इलाकों की व्यावसायिक दुकानों को बंद करवाया जा रहा है। इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि यदि सरकार ने उनका साथ नहीं दिया, तो वे आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश के भोपाल के रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने वाले दुकान और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम नए भोपाल के पॉश इलाके ई4 में रिहायशी इलाके में बनी व्यावसायिक दुकानों को बंद करवा रहा है। ई1 से ई7 तक और रोहित नगर समेत तमाम इलाकों के व्यापारियों ने इसे लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि अगर सरकार ने साथ नहीं दिया तो आत्महत्या कर लेंगे।

नगर निगम सिटी प्लानर की माने तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार कार्रवाई हो रही है। रहवासी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है। नगर निगम ने दुकानों को बंद कर पंचनामा चस्पा कर दिया है। दुकानों पर लिखा है कि यहां व्यावसायिक गतिविधियां बदं है। सुप्रीम कोर्ट को 4 अगस्त को एक्शन टेकना रिपोर्ट देना है। तमाम व्यापारियों का कहना है कि सरकार की गलती है। सरकार मास्टर प्लान लेकर नहीं आई। वर्ष 2005 के बाद से 2026 तक पिछले 21 सालों से नया मास्टर प्लान लेकर नहीं आए। एक व्यापारी ने कहा, मैंने मेन रोड पर प्लॉट कमर्शियल समझ कर लिया था। व्यापारियों ने कहा कि सरकार को गुजरात का मॉडल बनाना चाहिए, जहां कुछ शुल्क लेकर रिहायशी इलाकों की संपत्तियों को व्यावसायिक उपयोग के लिए नियमित कर दिया जाता है।

व्यापारियों का कहना है कि ऐसे हालात सिर्फ भोपाल में हैं। बाकी अन्य प्रदेशों और राज्यों में नहीं, क्योंकि वहां मास्टर प्लान लागू है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा नया भोपाल बंद है। 90 पर्सेंट दुकान बंद हो जाएगी। सरकार दूध-दवाई कहां से व्यवस्था करेगी। लोन चुका नहीं पा रहे हैं, रिकवरी वाले घर के आगे खड़े हैं, हम आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नगर निगम ने हमसे व्यावसायिक शुल्क लिया है। दुकान के लाइसेंस की फीस 12 हजार रुपये सालाना ली जाती है और हम बिजली भी कमर्शियल रेट पर लेते हैं। एक महीने की सेल वैल्यू 300 करोड़ रुपये से ज्यादा है। जिससे भारी-भरकम जीएसटी भी सरकार को मिलता है।

व्यापारियों ने कहा कि सरकार को अच्छा वकील खड़ा करना चाहिए, लेकिन साथ ही मिक्स्ड लैंड यूज को तुरंत लागू किया जाए, क्योंकि हम लोग पिछले 25 से 50 सालों से अपना धंधा कर रहे हैं। इससे 30 हजार से 35 हजार लोग प्रभावित हैं। ऐसा होने पर हर महीने हजारों-करोड़ों रुपये का नुकसान होगा और सभी के परिवारों को आर्थिक संकट झेलना पड़ेगा। इस कार्रवाई से पूरा भोपाल बेरोजगार हो जाएगा। हम सब अपना खुद का रोजगार करते हैं और उन्हीं लोगों को नोटिस दिए गए हैं।

दतिया की जीत से कांग्रेस उत्साहित

उमंग सिंघार बोले- जनता ने भाजपा के खिलाफ किया मतदान

भोपाल,(निप्र)। दतिया विधानसभा उपचुनाव के परिणामों को लेकर कांग्रेस ने जीत का दावा किया है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि दतिया की जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया है और चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने की पूरी उम्मीद है। भोपाल में मीडिया से चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दतिया में लोगों के बीच नाराजगी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भय और दबाव का माहौल बनाया गया, जिससे व्यापारी, किसान, महिलाएं और आम नागरिक परेशान रहे। सिंघार ने यह भी आरोप लगाया कि दलितों और आदिवासियों से जुड़े मामलों में लोगों में असंतोष था। उन्होंने कहा कि इसी नाराजगी का असर मतदान में देखने को मिला और जनता ने कांग्रेस के समर्थन में अपना मत दिया है।

कांग्रेस को जीत का पूरा भरोसा- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दावा किया कि दतिया उपचुनाव का परिणाम कांग्रेस के लिए सकारात्मक रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और आने वाला परिणाम पार्टी के पक्ष में आएगा। पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को कांग्रेस से निष्कासित किए जाने के मामले पर भी उमंग सिंघार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय स्थानीय कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की शिकायत के आधार पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन ने शिकायत और उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद यह कदम उठाया। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस में अनुशासन को प्राथमिकता दी जाती है और संगठन हित में आवश्यक फैसले लिए जाते रहेंगे।

भाजपा की उल्टी गिनती शुरू,अब नहीं झेलेगी जनता

भोपाल,(निप्र)। दतिया उपचुनाव में जीत के बाद समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मुकेश नायक ने कहा जनता ने जनादेश देकर सरकार को जगाने का काम किया है। मध्य प्रदेश में 5 वर्षों में चार उपचुनाव हुए।

दतिया उपचुनाव- परिणाम से पहले कांग्रेस ने राजेंद्र भारती को पार्टी से निकाला

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव के परिणाम घोषित होने से ठीक पहले कांग्रेस ने रविवार देर रात बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में इस अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी दी गई है।

भारती बोले- निलंबन से कोई फर्क नहीं पड़ता-पार्टी के इस एक्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए राजेंद्र भारती ने कहा कि निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता और वह अगले विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत दिखाएंगे। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पूरा घटनाक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा का षड्यंत्र है और कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने उनके साथ मिलकर चुनाव लड़ा है। भारती ने कहा कि उनका संघर्ष हमेशा मिश्रा के खिलाफ रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

जनता 2028 के चुनाव में इसका करारा जवाब देगी। दरअसल, राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता रद्द होने के कारण ही दतिया सीट पर उपचुनाव की स्थिति बनी थी। भारती ने 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य के तत्कालीन गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा को 7,700 से अधिक वोटों से हराया था।

नवजात के जीवन की पहली सुरक्षा है मां का दूध

भोपाल,(निप्र)। प्रदेश में नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, पोष ा और उनके स्व र्ि म भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 से 7 अगस्त तक प्रदेश में ह्लविश्व स्तनपान सप्ताह 2026ह्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष वैश्विक स्तर पर अभियान की थीम जीवन की सतत शुरूआत के लिए स्तनपान जो प्रभावी है, उसे और सुदृढ़ करें निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस विशेष सप्ताह का मुख्य ध्येय प्रदेश में स्तनपान के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाना और माताओं को वैज्ञानिक पोष ा संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

कांच मंदिर में उमड़ी भीड़, दिनभर गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष

विदिशा,(निप्र)। सावन के पहले सोमवार को माधवगंज स्थित कांच महादेव मंदिर में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर दिनभर ह्यहर-हर महादेवह्न और ह्यबम-बम भोलेह्न के जयघोष से गूंजता रहा। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, शहद, घी, शर्करा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।मंदिर के पुजारी ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी विश्वास के साथ सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। **महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग कतारें**-कांच से सुसज्जित यह मंदिर सावन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है। भीड़ को देखते हुए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। मंदिर समिति, स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रही।मंदिर समिति के अनुसार, कांच महादेव मंदिर की स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी। 26 मार्च 2026 को मंदिर ने अपने 100 वर्ष पूरे किए। वर्ष 1959 में मंदिर में कांच की कलात्मक सजावट कराई गई, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में ह्यकांच मंदिरह्न के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मंदिर परिसर में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा भी स्थापित है, जिसके दर्शन के लिए भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा स्थित ग्राम कोठरी कलां तह0 आष्टा जि0 सीहोर म0प्र0 की भूमि खसरा क्रं. 933/4 रकबा 0.121 हे0 एवं भूमि खसरा क्रं. 933/5 रकबा 0.121 है0 भूमि मे से 20 बाय 50 के पांच भूखण्ड कुल 5000 वर्गफीट भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार सुरेन्द्र पाल सिंह छाबरा निवासी जी-1, खंडवा रोड, न्यू रानी बाघ, लिम्बोदी, केलोडकरताल, इंदौर म0प्र0 द्वारा श्री धर्मेन्द्र परमार पिता श्री करन परमार निवासी ग्राम कुलास खुर्द पोस्ट कुलास कलां बिलकिसगंज जिला सीहोर म0प्र0 से किया गया है, तथा उक्त भूमि विक्रय अनुबंध पत्र करा लिया गया है तथा बयाना राषि भी अदा कर दी है। मेरा पक्षकार शेष राशि अदा करके उक्त भूखण्ड का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रेता के पक्ष में निष्पादित कराएगा, यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी को उक्त भूमि/भूखण्ड विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर उपस्थित होकर मय वैध दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति निराधार व अमान्य समझी जावेगी।

कृपया सूचित हों।

भवदीय
श्री अर्जुन सिंह पाटीदार
नागरिक सुविधा केन्द्र तहसील परिसर आष्टा
जिला सीहोर म0प्र0 मो0नं0- 8770321057

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमति कोमल चौधरी पत्नी कमल चौधरी निवासी 24, जलाराम नगर इंदौर जिला इंदौर म०प्र० ग्राम देवपुर प०ह०न० 83 तह० आष्टा जि० सीहोर का खसरा क्रमांक 14/2/2 (र) रकबा 1.2140 हैक्टयर लगान 8.24 रुपये एंव खसरा क्रमांक 15 (र) रकबा 0.2910 हैक्टयर लगान 0.62 रुपये एंव खसरा क्रमांक 16 (र) रकबा 0.0810 हैक्टयर लगान 0.51 रुपये एंव खसरा क्रमांक 19/1 (5) रकबा 0.3440 हैक्टयर लगान 1.06 रुपये कुल किता 04 कुल विक्रय रकबा 1.9300 हैक्टेयर अर्थात 4.77 एकड़ कुल लगान 10.43 रुपए जिसकी चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है पूर्व में :-शाहिद भाई की भूमि । पश्चिम में मोहन जाट की भूमि। उत्तर में:- माखन चमार की कृषि भूमि ।, दक्षिण में :- प्रधानमंत्री रामपुरा कलां रोड को क्रय करने का सोदा कर मेरे पक्षकार ने अनुबंध पत्र के माध्यम से राशि का भुगतान कर दिया है उक्त भूमि के विक्रय किये जाने में किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई लेन देन हो अथवा उक्त भूमि कही विक्रय, दान, वसीयत, हस्तांतरण हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर, मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा इसके उपरांत किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एंव मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा/सूचित होवे।

3/8/2026

कांतिलाल जोशी एडवोकेट
मेवाड़ा कॉलोनी, आष्टा ,जिला सीहोर
मो. 9893102989

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDLP07072656122/ दिनांक / 03/AUG/2026

क्र./2083 दिनांक 31/JUL/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स **(Kishorekumar Ratanlal Meerchandani)-Kishorekumar Ratanlal Meerchandani & Others** द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नामः- **RATANBAGH**

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम पिगडम्बर तहसील राऊ व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 369/2, 369/3, 369/4, 369/5, 369/6, 369/7, 369/8, 370/1, 370/2, 370/3, 370/4, 370/5, 370/6, 371/1, 371/2, 371/3 कुल रकबा 1.436 हेक्टेयर भूमि पर **Residential, MULTI DWELLING UNITS, SHOPPING MALLS** विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजनः-**-Residential, MULTI DWELLING UNITS, SHOPPING MALLS**

(घ) स्वीकृति क्रमांक INDLP200623910 दिनांक 2023-07-14

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अथोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=vBaPo5318W2083 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरें तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जिला इन्दौर (म.प्र.)

सैटिएट एग्री लिमिटेड

सीआईएन: L24111MP1986PLC003741
पंजीकृत कार्यालय: ३१, स्नेह नगर, फ्लैट नं. १८, वात्सल्य चेम्बर, इंदौर, मध्य प्रदेश, ४५२००१
संपर्क: 9300614159; ईमेल आईडी: shabachemicals@gmail.com; वेबसाइट: www.satiateagri.com

सदस्यों के लिए सार्वजनिक सूचना – वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC)/ अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (OAVM) के माध्यम से आयोजित की जाने वाली 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **सैटिएट एग्री लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("AGM") **गुरुवार, 27 अगस्त 2026 को शाम 05:00 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ("OAVM") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को बैठक का काल्पनिक स्थान माना जाएगा और एजीएम की कार्यवाही वहीं संपन्न मानी जाएगी, ताकि उन कार्यों को निपटाया जा सके जो 03 अगस्त 2026 की एजीएम सूचना में दिए गए हैं, जिसे यथासमय वितरित किया जाएगा।

एजीएम का आयोजन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("MCA") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("SEBI") द्वारा जारी परिपत्रों (सर्कुलर) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में VC/OAVM के माध्यम से किया जाएगा। सेबी द्वारा इस संबंध में जारी पिछले अन्य परिपत्रों के साथ पठित (सामूहिक रूप से "सेबी सर्कुलर" के रूप में संदर्भित), कंपनियों को एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना VC या OAVM के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति है। तदनुसार, कंपनी की एजीएम VC/OAVM के माध्यम से आयोजित की जा रही है।

उक्त एमसीए/सेबी परिपत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-2026 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई-मेल) से उन सदस्यों को भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (RTA) या संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("DP") के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.satiateagri.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

ईमेल पता और मोबाइल नंबर कैसे पंजीकृत/अपडेट करें:

- भौतिक रूप से शेयर रखने वाले सदस्य(यों) ने ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत किया है/नहीं किया है, वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) की ईमेल आईडी admin@skylinerta.com पर ईमेल द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजकर ऐसा कर सकते हैं।
- डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") से संपर्क कर सकते हैं और डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में अपना ईमेल पता पंजीकृत करा सकते हैं।

सेबी के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 दिनांक 03 नवंबर 2021 और उसके बाद के परिपत्रों, जिनमें नवीनतम मास्टर सर्कुलर संख्या HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 दिनांक 06 फरवरी 2026 है, के अनुसार यह अनिवार्य किया गया है कि वे सुरक्षा धारक (जो भौतिक रूपों में प्रतिभूतियां रखते हैं), जिनके फोलियो पैन (PAN), नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण, पिन सहित डाक पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाते का विवरण और नमूना हस्ताक्षर (यदि कोई हो) जैसी केवाईसी जानकारियों से अपडेट नहीं हैं, वे 01 अप्रैल 2024 से ऐसे फोलियो के संबंध में लाभांश, ब्याज या मोचन (redemption) सहित किसी भी भुगतान के लिए केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से पात्र होंगे।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे RTA के पास अपने ई-मेल पते सहित अपने केवाईसी विवरण अपडेट करें, जिसके लिए निर्धारित फॉर्म कंपनी और RTA की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। हालांकि, डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के लिए सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("DP") के पास अपने ई-मेल पते सहित केवाईसी विवरण अपडेट करें, जिनके पास उनके डीमैट खाते संचालित हैं।

सेबी परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार, 01 अप्रैल 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए और ऐसे ट्रांसफर अनुरोधों के लिए भी एक विशेष विंडो खोली गई है, जो 01 अप्रैल 2019 की अंतिम तिथि से पहले दर्ज किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य कमियों के कारण खारिज/वापस/अस्वीकृत कर दिए गए थे। शेयरधारकों को निवेशकों के हित में शुरू की गई इस विशेष विंडो का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। किसी भी प्रश्न के मामले में, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे admin@skylinerta.com पर सेवा अनुरोध दर्ज करें।

उपरोक्त जानकारी कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

बोर्ड के आदेशानुसार
सैटिएट एग्री लिमिटेड
Sd/-
(सीएस प्रिया भंडारी)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 03 अगस्त 2026
स्थान: इंदौर

eki ईकेआई एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड

STEERING THE PLANET TO NET ZERO
CIN: L74200MP2011PLC025